व्यवसाय प्रशासन में स्नातक
(बी. बी. ए.)

सत्रीय कार्य

2026

जाँच सत्रीय कार्य की अवधि - 1st जनवरी 2026 से 30th दिसम्बर, 2026

षष्ठम सत्र

प्रबंध अध्ययन विद्यापीठ
इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली –**1100 68**

व्यवसाय प्रशासन में स्नातक

(बी. बी. ए.)

सत्रीय कार्य 2026

प्रिय छात्र/छात्राओं,

जैसा कि प्रोग्राम गाइड में बताया गया है, आपको प्रत्येक पाठ्यक्रम में एक ट्यूटर मार्क्ड असाइनमेंट करना होगा । हम आपको BMP-003, BMP-004, BMP-005 BCOS-185 और BCOS-186 के सत्रीय कार्य एक साथ भेज रहें हैं ।

जैसा कि कार्यक्रम दर्शिका में स्पष्ट किया गया है, अंतिम परीक्षा में सत्रीय कार्य के लिए 30% अंक निर्धारित हैं। सत्रांत परीक्षा में बैठने योग्य होने के लिए यह आवश्यक है कि समय सूची के अनुसार आप इस सत्रीय कार्य को पूरा करके भेज दें। सत्रीय कार्य को करने से पहले आपको चाहिए कि कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें, जिसे आपके पास अलग से भेजा गया है।

1. वे छात्र जो जून 2026 के सत्रांत परीक्षा में उपस्थित हो रहे हैं, उन्हें 15 मार्च 2026 तक जमा करवाना होगा।
2. वे छात्र जो दिसम्बर 2026 की सत्रांत परीक्षा में उपस्थित हो रहे हैं। वे 15 अक्टूबर 2026 तक जमा करवायें।

आपको सभी पाठ्यक्रमों के सत्रीय कार्य को अपने अध्ययन केंद्र के समन्वयक को प्रस्तुत करना होगा।

अध्यापक जांच सत्रीय कार्य

पाठ्यक्रम का कोड	**:**	**बी. ऍम. पी. – 005**
पाठ्यक्रम का शीर्षक	**:**	**संगठनात्मक व्यवहार**
सत्रीय कार्य का कोड	**:**	**बी. ऍम. पी – 005/टी. एम. ए./2026**
खण्डों की संख्या	**:**	**सभी खण्ड**

अधिकतम अंक : 100

(क) लघु प्रकार के प्रश्न

1. "प्रबंधन औपचारिक रूप से संगठित समूहों में लोगों के माध्यम से और उनके साथ काम करवाने की कला है।" प्रबंधकीय विचारों के विकास के संदर्भ में इस कथन की चर्चा कीजिए। (10)

2. व्यक्तित्व (Personality) की अवधारणा और इसके निर्धारकों की व्याख्या कीजिए। व्यक्तित्व का 'बिग फाइव मॉडल' (Big Five Model) प्रबंधकों को कार्यस्थल पर कर्मचारी व्यवहार को समझने और उसका अनुमान लगाने में कैसे मदद करता है? (10)

3. नेतृत्व (Leadership) की अवधारणा को स्पष्ट कीजिए। नेतृत्व के व्यवहारवादी सिद्धांत (Behavioral Theory) और परिस्थितिजन्य सिद्धांत (Situational Theory) की तुलना और चर्चा कीजिए। (10)

4. निम्नलखित के बीच अंतर स्पष्ट कीजिए: (4X5)
   क) निरंकुश (Autocratic) और लोकतांत्रिक (Democratic) नेतृत्व शैली।
   ख) औपचारिक (Formal) और अनौपचारिक (Informal) संगठन।
   ग) मास्लो का आवश्यकता पदानुक्रम (Maslow's Need Hierarchy) और हर्ज़बर्ग का द्वि-कारक सिद्धांत (Herzberg Two-Factor Theory)।
   घ) केंद्रीयकरण (Centralization) और विकेंद्रीकरण (Decentralization)।

5. निम्नलिखित पर संक्षेप में टिप्पणी कीजिए : (4X5)
   क) प्रत्यक्षीकरण प्रक्रिया (Perception Process)।
   ख) संव्यवहार विश्लेषण (Transactional Analysis)।
   ग) प्रभावी अभिवृत्ति परिवर्तन (Attitude Change) की विधियाँ।
   घ) संगठनात्मक संस्कृति (Organizational Culture)।

(ख) निबंध प्रकार प्रश्न

6. एक संगठन के अंदर विभिन्न प्रकार के विवादों (Conflict) की चर्चा कीजिए। क्या विवाद हमेशा दुष्क्रियात्मक (Dysfunctional) होता है? टिप्पणी कीजिए। साथ ही प्रभावी विवाद समाधान के लिए रणनीतियों का सुझाव दीजिए। (15)

7. एक संगठन में नियोजित परिवर्तन (Planned Change) की प्रक्रिया की व्याख्या कीजिए। कर्मचारी परिवर्तन का विरोध क्यों करते हैं? कर्ट लेविन के 'तीन-चरणीय मॉडल' (Three-Step Model) का उपयोग करके परिवर्तन को सफलतापूर्वक लागू करने के लिए प्रबंधकों हेतु एक रूपरेखा प्रदान कीजिए। (15)

अध्यापक जांच सत्रीय कार्य